Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish the Neyamatpur Ashram and its library as a National Heritage and tourist destination.

श्री विजय कुमार (गया): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गया अन्तर्गत बेलागंज के ऐतिहासिक महत्व के नेयामतपुर आश्रम की जर्जर स्थिति की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना चाहता हूं कि इस आश्रम को आजादी के आंदोलन के दौरान देश के महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित यदुनन्दन शर्मा द्वारा स्थापित किया गया था, जहां से आजादी का आंदोलन संचालित होता था ।

यह आश्रम बिहार का जालियांवाला बाग कहा जाता है, जहां 1942 में स्वतंत्रता संग्राम के लिए रणनिति बना रहे आंदोलनकारियों पर अंग्रेजों द्वारा असंख्य गोलियां बरसाकर दर्जनभर से अधिक आंदोलनकारियों को गोलियों से छलनी कर दिया गया था । यहां से पंडित यदुनन्दन शर्मा द्वारा "चिनंगारी एवं जागते रहो' पत्रिका का संपादन होता था । 1939 में एक जनसभा को संबोधित करने इसी आश्रम में आये पंडित जवाहरलाल नेहरू और अमरनाथ दीवान के द्वारा 450 रूपये अनुदान देकर दीनबंधु पुस्तकालय का नाम परिवर्तित कर कमला नेहरू पुस्तकालय की स्थापना की गई।

महोदय मैं सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि इस ऐतिहासिक महत्व के आश्रम और इसमें स्थापित पुस्तकालय को राष्ट्रीय धरोहर घोषित कर इसका जीर्णोद्धार किया जाय और इसे राष्ट्रीय पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाय । जय हिन्द जय भारत ।